# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 12.04.2024**

**लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत SST-03 (स्टैटिक सर्विलांस टीम) द्वारा चैकिंग के दौरान स्कुटी चालक से 11 लाख 88 हजार रुपये बरामदः-**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण एव निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शामली के द्वारा चैकिंग हेतु SST (स्टैटिक सर्विलांस टीम) का गठन किया गया है।

उक्त क्रम में आज दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद शामली के निर्देशन में स्थर जांच दल (SST-03 झिंझाना) द्वारा थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत करनाल बॉर्डर बिडौली चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान एक एक्टीवा स्कुटी रजि0 न0-HR40J2944 की चैकिंग की गयी तो दुपहिया चालक जयदेव पुत्र बलवीर निवासी सलवान थाना असन्द जनपद करनाल (हरियाणा) की स्कुटी से 11 लाख 88 हजार रूपये रखे हुए मिले। उपरोक्त रूपयों के सम्बन्ध में दुपहिया चालाक से दस्तावेज मांगे गये तो कोई दस्तावेज नही दिखा सका। बरामदगी के सम्बन्ध में आयकर विभाग को सूचना से अवगत कराते हुए थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता दुपहिया चालकः-**

1.- जयदेव पुत्र बलवीर निवासी सलवान थाना असन्द जनपद करनाल (हरियाणा)

**बरामदगी का विवरणः-**

1.- 11 लाख 88 हजार रुपये नगद।

**चैकिंग करने वाली स्टैटिक सर्विलांस टीमः-**

1.श्री अनील कुमार पांडेय (मजिस्ट्रेट) प्रवेक्षक गन्ना विभाग शामली।

2.उ0नि0 श्री बिजेन्द्र सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

3. माधव सिंह (वीडियोग्राफर) थाना झिंझाना जनपद शामली।

4. है0का0 दीपक कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

5. का0 इजमाम थाना कैराना जनपद शामली।

**थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना आदर्शमण्डी क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर व मोबाइल लूट की घटना में वांछित 01 अभियुक्त किया गिरफ्तार।**

ज्ञात हो कि दिनांक 08.04.2024 की रात्रि में वादी श्री साजिद पुत्र शहीद निवासी ग्राम चौतरा थाना झिंझाना जनपद शामली ट्रैक्टर लेकर नहर पुल झिंझाना-कसेरवा जाने वाले रास्ते पर जा रहा था, तभी कसेरवा की तरफ से आ रहे 04 अज्ञात बाइक सवार अभियुक्तों द्वारा ट्रैक्टर रोककर, मोबाइल फोन व ट्रैक्टर को छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दाखिल की गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। सर्विलांस/एसओजी टीम एवं थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये घटनास्थल के आसपास जानकारी करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये गये तथा साक्ष्यों के आधार पर लगातार अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।

आज दिनांक 12.04.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर व मोबाइल लूट की घटना में वांछित 01 लुटेरे को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त 03 अन्य अभियुक्त सागर, मोनू व शुभम को आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा दिनाँक 11.04.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.मोनू पुत्र सत्यवान निवासी ग्राम मलकपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त मोनू उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 059/2024 धारा 342/392 भादवि थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 062/2024 धारा 307 भादवि व ¾/25/27 आयुध अधिनियम थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री विक्रम सिंह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।
2. है0का0 सतीश कुमार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।
3. हो0गा0 देशपाल थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।



**थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गई एक अदद एलसीडी सैमसंग कम्पनी बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 11.04.2024 को वादी मिन्टू पुत्र जयवीर निवासी ग्राम खेडकी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली नें एलसीडी टेलीविजन सैमसंग कम्पनी को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर लिखित तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना गढ़ीपुख्ता पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चोर लूटरो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा 01 चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से चोरी की एक अदद एलसीडी टेलीविजन सैमसंग कम्पनी बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़ीपुख्ता पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अरुण पुत्र हरवीर निवासी ग्राम खेड़की थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

चोरी की एक अदद एलसीडी टेलीविजन 24 इन्च सैमसंग कम्पनी।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अरुण उपरोक्तः-**

मु0अ0स0-26/2024 धारा 380,457,411 भादवि0 थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अय्यूब अली थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

2.का0 सोनू कुमार थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

3.का0 सचिन शर्मा थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।



**थाना कांधला पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

आज दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोक सभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिनके कब्जे से 03 अवैध तमंचा मय 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.आसिफ पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला खैल थाना काँधला जनपद शामली।

2.हारून पुत्र अय्यूब निवासी मौहल्ला खैल थाना काँधला जनपद शामली।

3.आदिल पुत्र अख्तर निवासी मौहल्ला खैल थाना काँधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त आसिफ उपरोक्त से बरामद)।

2.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त हारुन उपरोक्त से बरामद)।

3.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त आदिल उपरोक्त से बरामद)।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री संदीप यादव थाना कांधला जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा थाना कांधला जनपद शामली।

3.है0का0 मोतीलाल थाना कांधला जनपद शामली।

4.है0का0 अंकुर चौधरी थाना कांधला जनपद शामली।

5.है0का0 प्रताप शर्मा थाना कांधला जनपद शामली।





**<u>थाना थानाभवन पुलिस द्वारा सरकारी भूमि पर कूडा डालने को लेकर हुए विवाद में 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर धारा 151 सीआरपीसी में किया चालानः-</u>**

आज दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु ग्राम भैसानी इस्लमापुर में थानाभवन पुलिस द्वारा सरकारी भूमि पर कूडा डालने को लेकर हुए विवाद में 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर धारा 151 सीआरपीसी में चालान किया गया है।

**<u>गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम व पताः-</u>**

1. अब्दुल समंद पुत्र शेरुद्दीन निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।
2. राकिब पुत्र गफ्फर निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।
3. शाकिब पुत्र जुल्फिकार निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।
4. मुबारिक पुत्र शेरद्दीन निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।
5.लुकमान पुत्र अब्दुल रहमान निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।
6. खुर्शेद पुत्र बुग्गा निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।
7. बिलाल पुत्र इरफान निवासी ग्राम भैसानी इस्लमापुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।
2.है0का0 संजीव कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।
3.का0 मोहित कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**